मैं सबसे छोटी होऊं

कविता से आगे

1. तुम्हारी मां तुम लोगों के लिए क्या क्या काम करती है?
   उत्तर-हमारी मां हम लोगों के लिए सुबह से रात तक बहुत सारा काम करती है।
   सुबह हमें नींद से जगाती है और हमें जल्दी से नहाने धोने के लिए निर्देश देती है। सुबह-सुबह मां हमारे लिए नाश्ता बनाती है और हमें स्कूल के लिए तैयार होने में सहायता करती है।हमारे टिफिन , पानी के बोतल तथा जरूरी पुस्तकों और कॉपियों को हमारे बस्ते में भरती है। फिर हमें स्कूल छोड़ने जाती है।शाम को स्कूल से वापस आने पर हमें फिर से नाश्ता देती है।शाम को खेल कर वापस आने के बाद हमारी पढ़ाई में हमेशा सहायता करती है। रात के लिए भोजन बनाती है और हमें प्यार से खिलाती है। मां हमें अनुशासन तथा नियमावली भी सिखाती है।

2. यह क्यों कहा गया है कि बड़ा बनाकर मां बच्चे को छलती है?
   उत्तर-बड़ा बनाकर मां बच्चे को चलती है ऐसा इसलिए कहा गया है क्योंकि बड़ी हो जाने के बाद मां दिन-रात बच्चों का हाथ पकड़कर नहीं घुमाती, नहीं मां अपने हाथों से खिलाती और नहीं अपनी गोदी में सुला कर खिलौने देकर परियों की सुखद कहानियां और लोरिया सुनाती। मां बच्चों के बड़े हो जाने पर बच्चों को अपने काम को अपने करने के लिए निर्देश देती है।यही कारण है कि बच्चे यह सोचते हैं कि मां उसे बड़ा बनाकर छलती है।